मध्य प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल– 462004

क्रमांक / 378 /147/NSS/16/अड़तीस, भोपाल, दिनांक 24 /12/2016

प्रति,

समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक,
उच्च शिक्षा,
(म.प्र.)

विषयः–विश्वविद्यालयों में रासेयो कार्यक्रम समन्वयकों के पद पर पदस्थगी हेतु आवेदन–पत्र भेजने संबंधी।

–0–

विभाग द्वारा प्रदेश के निम्नलिखित विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के संचालन हेतु पूर्व में सृजित कार्यक्रम समन्वयकों (रासेयो) के पद (शासकीय) पर पदस्थगी की जाना हैं–

1. अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा।
2. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल।
3. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर।
4. जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
5. डॉ. एच.एस.गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर। (परिक्षेत्र)
6. रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर
7. विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन।

निम्नलिखित अर्हता रखने वाले शासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक जो रासेयो कार्यक्रम अधिकारी/जिला संगठक के पद पर कार्य कर रहें है या कर चुके हैं, अपना आवेदन प्राचार्य/कुलपति की अनुशंसा सहित पत्र जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर विभाग में उपलब्ध करायें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

अर्हता एवं अन्य शर्ते–

1. अभ्यार्थी विश्वविद्यालय/सम्बद्धता (एफीलेटेड) महाविद्यालय में रीडर/सीनियर लेक्चरार होना चाहिए।
2. रीडर स्तर के प्राचार्य जो कि सम्बद्धता (एफीलेटेड) महाविद्यालय से हो एवं एनएसएस का वांछित ज्ञान रखते हो।
3. कम से कम एनएसएस कार्यकम अधिकारी के तौर पर 03 वर्ष का अनुभव रखते हो।
4. उन्मुखीकरण कार्यकम, ट्रेनिंग ओरिएनटेशन सेन्टर एण्ड रिसर्च सेन्टर से एनएसएस उन्मुखीकरण कार्यकम किया हो।
5. कार्यकम समन्वयक के चयन के समय आयु 50 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए।
6. कार्यकम समन्वयक की पदस्थगी 03 वर्ष की होगी।

टीपः–

1. आवेदन पत्र कुलपति/प्राचार्य की अनुशंसा तथा सत्यापन सहित प्रमुख सचिव,म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय (वल्लभ भवन) भोपाल के नाम से भेजें। लिफाफे पर स्पष्ट उल्लेख करे कि कार्यकम समन्वयक के पद हेतु आवेदन ।
2. कृपया अपने स्तर से क्षेत्रान्तर्गत समस्त शासकीय महाविद्यालयों को अनिवार्यतः सूचित करें। A

23.12.2016
(आशीष उपाध्याय)
प्रमुख सचिव
म.प्र.शासन,उच्च शिक्षा विभाग

श्री संजय भरतरिया
'A' को महावि. की साईड पर सूचनार्थ डालें
26/12/16

निरंतर....2

पृ.क्रमांक / 379 / 147 / NSS / 16 / अड़तीस, भोपाल, दिनांक 24/12/2016

प्रतिलिपिः—

1. विशेष सहायक,माननीय मंत्री जी / मा. राज्य मंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन,उच्च शिक्षा विभाग ।
2. संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन,भोपाल।
3. कुल सचिव, समस्त रासेयोयुक्त विश्वविद्यालय, म.प्र.।
4. निदेशक,एनएसएस निदेशालय, 12/11 जामनगर हाउस नई दिल्ली।
5. क्षेत्रीय निदेशक भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय ई–1/123 अरेरा कालोनी, भोपाल।
6. कार्यक्रम समन्वयक रासेयो समस्त विश्वविद्यालय, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय, शा. कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय परिसर सागर।
7. आई.टी. प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा संचालनालय की ओर प्रकाशनार्थ।

...............की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

23.12.2016

प्रमुख सचिव

म.प्र.शासन,उच्च शिक्षा विभाग